# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 12.12.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना डिलारीः-**



अवगत कराना है दिनांक 05.06.2024 को वादिनी निवासी थाना डिलारी क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादिनी की नन्द के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना डिलारी पर मु0अ0सं0-140/24 धारा- 376/506 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही/साक्ष्य संकलन के आधार पर आज दिनांक 12.12.2024 को उ0नि0 श्री विनित कुमार थाना डिलारी द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी इमरान पुत्र अफजाल उर्फ बब्बू निवासी मासूमपुर थाना डिलारी, मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

इमरान पुत्र अफजाल उर्फ बब्बू निवासी मासूमपुर थाना डिलारी, मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

उ0नि0 श्री विनित कुमार थाना डिलारी,मुरादाबाद।

हे0का0 जयसिंह थाना डिलारी,मुरादाबाद।

का0 देशराज थाना डिलारी,मुरादाबाद।

**2-दहेज के लिये महिला को प्रताड़ित कर हत्या कर देने के 02 और आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-**



अवगत कराना है दिनांक 25.07.2024 को वादी निवासी थाना टांडा,रामपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की बहन को दहेज के लिये प्रताड़ित करने तथा हत्या कर,सबूत मिटाने के उद्वेश्य से शव को कही गायब कर देने के संबंध मे थाना कटघर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-390/2024 धारा-86/80 बीएनएस व धारा-3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में पूर्व में एक आरोपी हीरा को गिरफ्तार किया जा चुका है। आज दिनांक 12.12.2024 को निरीक्षक अपराध श्री विनोद कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के मुकदमा उपरोक्त में 02 और अभियुक्तगण 1. भारत सिंह पुत्र स्व0 श्यामलाल निवासी पंडित नगला इन्डियन मडिकल से पास थाना कटघर,मुरादाबाद 2- माया उर्फ ललानी पत्नी भारत सिंह निवासी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1. भारत सिंह पुत्र स्व0 श्यामलाल निवासी पंडित नगला इन्डियन मडिकल से पास थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2. माया उर्फ ललानी पत्नी भारत सिंह निवासी उपरोक्त

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस  टीमः-**

निरीक्षक अपराध श्री विनोद कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।
का0 मोनू थाना कटघर,मुरादाबाद।
म0का0 राखी थाना कटघर,मुरादाबाद।

**3-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 06 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 12.12.2024 को थाना डिलारी पुलिस द्वारा आरोपी गण 1.यूनुस पुत्र अजीम 2.फईम पुत्र अजीम 3. अनीस पुत्र अजीम नि0गण ग्राम अलियाबाद थाना डिलारी,मुरादाबाद तथा थाना मझोला पुलिस द्वारा आरोपीगण 1.फखरुद्दीन पुत्र शमसुद्दीन 2.शकीर पुत्र  खुर्शीद हसन निवासी  ग्राम ढक्का नईम हाजी के पीछे लाइनपार थाना मझोला मुरादाबाद 3. संदीप उर्फ शानू पुत्र देवेंद्र  निवासी सोनकपुर योजना काशीराम नगर थाना मझोला,मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।



**4-" दि0 11/12.12.2024 की रात्रि में थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत एक घर में घुसकर महिला की हत्या करने का शातिर अभियुक्त असलम अंसारी घटना करने के 12 घंटे के अंदर घायल/गिरफ्तार, कब्जे से अवैध शस्त्र व कारतूस तथा एक मो0सा(बिना नम्बर प्लेट) बरामद।"**



अवगत कराना है कि आज दिनांक 12.12.2024 को समय करीब 19.45 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना कटघर पुलिस द्वारा दौराने पुलिस कार्यवाही 01 संदिग्ध को थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत रफातपुर पुल अंडरपास की तरफ से बिना नम्बर प्लेट की मो0सा0 स्पलैण्डर पर आते हुये रोका गया। जिसके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई। जवाबी कार्यवाही/मुठभेड़ में 01 अभियुक्त घायल / गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त ने  अपना नाम असलम अंसारी उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र बुद्धा निवासी सिकन्दरपुर पट्टी थाना कटघर,मुरादाबाद बताया गया।

अभियुक्त असलम द्वारा दिनांक 11/12.12.2024 की रात्रि के समय थाना कटघर क्षेत्रांतर्गत एक महिला  की घर में घुसकर हत्या की गई थी,जिसके संबंध में थाना कटघर पर मृतक महिला के पति वादी रामकिशोर प्रजापति पुत्र नत्थूलाल निवासी बल्देवपुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद की तहरीर के

आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0- 708/2024 धारा- 103(1) बीएनएस बनाम असलम अन्सारी उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक नगर,मुरादाबाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कटघर के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में वांछित हत्या कारित करने के अभियुक्त असलम उपरोक्त की तलाश थाना कटघर पुलिस द्वारा की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 12.12.2024 को थाना कटघर पुलिस टीम द्वारा मुठभेड में अभियुक्त असलम उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा,02 जिंदा कारतूस,01 खोखा कारतूस नाल में फंसा ,मो0सा0 बरामद किये गये। अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी है। घायल अभियुक्त को ईलाज हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है।

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का नाम -**

1. असलम अंसारी उम्र करीब 40 वर्ष पुत्र बुद्धा निवासी सिकन्दरपुर पट्टी थाना कटघर,मुरादाबाद।

**बरामदगी -**

1. एक अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 खोखा नाल में फंसा हुआ।
2. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
3. बिना नम्बर प्लेट की मो0सा0 स्पलैण्डर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

प्रभारी निरीक्षक श्री संजय कुमार थाना कटघर,मुरादाबाद।
उ0नि0 विमल थाना कटघर,मुरादाबाद।
उ0नि0 शहजाद थाना कटघर,मुरादाबाद।
उ0नि0 उस्मान थाना कटघर,मुरादाबाद।
हे0का0 नितिन शर्मा थाना कटघर,मुरादाबाद।
का0 भूपेन्द्र थाना कटघर,मुरादाबाद।
का0 यशपाल थाना कटघर,मुरादाबाद।